खाटू वाला मेरा इकलौता रिश्तेदार है | (धमाल) | By Sanjay Soni

मेरा खाटूवाला मेरा एकलौता रिश्तेदार है
अपने झूठे पराये झूठे झूठा ये संसार है

जन्म लिया है जबसे मैंने जाना एक ही नाम है
कोई हो या ना हो चौबीस घंटे संग में श्याम है
कैसी चिंता ज अब रखवाला सांवरिया सर्कार है

बाप का फ़र्ज़ निभाया इसने माँ का फ़र्ज़ निभाया है
मेरी लाज बचाने भाई बन के दौड़ा आया है
मेरी हर एक स्वांस श्याम का संवारिये का उधार है

श्याम धणी के प्रेमियों में श्याम ने दी मुझको पहचान
मान दिया सम्मान दिया है रोटी कपडा और मकान
श्याम के एहसान तले मेरा दबा हुआ परिवार है

श्याम चरण में जवानी बीती बचपन गोद में खेला है
तन्हाई में भी मेरे संग में प्रेमियों का मेला है
मोहित होकर संवारिये ने किया बड़ा उपकार है

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%96%e0%a4%be%e0%a4%9f%e0%a5%82-%e0%a4%b5%e0%a4%be%e0%a4%b2%e0%a4%be-%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a4%be-%e0%a4%87%e0%a4%95%e0%a4%b2%e0%a5%8c%e0%a4%a4%e0%a4%be-%e0%a4%b0%e0%a4%bf%e0%a4%b6/